संसद सदस्यों ने श्रीमती इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 19 नवम्बर, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; पूर्व प्रधानमंत्री, डा. मनमोहन सिंह; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ एम. तम्बिदुरै; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आज़ाद; और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी ने आज श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्रीमती इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्य, लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ शामिल थे।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, श्री आर. वेंकटरमण ने 19 नवम्बर, 1987 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र का अनावरण किया था।